# होली मिलन समारोह में भजन गीतों पर झूमे श्रोता

## चाकघाट में होली एवं होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ, कलाकारों ने किया मंचन

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 28 मार्च, होली का पर्व चाकघाट नगर में बड़े उल्लस के साथ मनाया गया. नगर के प्रमुख चौराहे में होलिका दहन से लेकर होली के दूसरे दिन भी नगर में रंग अबीर की साथ लोगों की होली होती रही. होलिका दहन के दिन पूर्व विधायक श्याम लाल द्विवेदी की उपस्थिति में होली भजन संध्या का आयोजन किया गया.**

लोक गायक भास्कर झा एवं धर्मराज ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ फाग महोत्सव पर अपनी प्रस्तुति दी. इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अलखनारायण केसरवानी, तिवारी लाल, उमाशंकर केसरवानी, राम लखन गुप्त, कुंवर भारत सिंह भदोरिया, हनुमान प्रसाद केसरवानी, मुन्नालाल केसरवानी, अरुण मिश्रा, डॉ रोहित तिवारी उमाशंकर केसरवानी आदि की उपस्थिति प्रमुख रही. दूसरे दिन रंगों की बौछार के साथ होली मनाई गई और शायंकाल रंग अवीर से लोग एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी. केसरवानी वैश्य समाज द्वारा केसरवानी धर्मशाला परीक्षा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया. जिसमें ऋषि जागरण ग्रुप चाकघाट के कलाकार ऋषि केसरवानी, कुमारी अदिति (पार्वती) बंटी (कान्हा) रोशनी (राधा) एवं राजा (सुदामा जी) की भूमिकमें विभिन्न अभिनय के माध्यम से लोगों का मन मोहा.

केसरवानी समाज के नगर अध्यक्ष फूलचंद केसरवानी, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, प्रोफेसर केदारनाथ, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, मोतीलाल केसरवानी, सुभाष चंद्र, अलख नारायण, तिवारी लाल, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रशांत पाठक , नगर परिषद अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी केसरवानी, नगर परिषद की उपाध्यक्ष प्रतिमा सतीश केसरवानी, जितेंद्र गुप्ता जीतू, सुग्रीव प्रसाद केसरवानी, मेवालाल केसरवानी मूलचंद केसरवानी कमलेश कुमार केसरवानी आदि भारी संख्या में स्वजातीय बन्धु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही. कार्यक्रम में विशिष्ट के रूप में के के गुप्ता,, पत्रकार राम लखन गुप्ता, अलखनारायण केसरवानी, तिवारी लाल एवं पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये. पूरे होली के इस महोत्सव अवसर पर नगर में शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही.

# नगर में आकस्मिक मौत के शिकार हो रहे युवा

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 28 मार्च, चाकघाट नगर क्षेत्र में 13 वर्ष से लेकर 39 वर्ष तक के डेढ दर्जन निवासी एक वर्ष में आकस्मिक मौत के शिकार हो चुके हैं. इनमें सर्वाधिक लोगों की मौत आकस्मिक ही हुई है. नगर परिषद क्षेत्र के मृतक पंजीयन सूची के आंकड़ों से यह जानकारी उपलब्ध हुई है कि यहां युवा वर्ग के लोगों की मृत्यु ज्यादा संख्या में हो रही है.**

4 फरवरी 23 से लेकर 8 मार्च 24 तक में यहां से 19 ऐसे व्यक्तियों को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिनकी उम्र कम से कम 13 वर्ष और अधिकतम 39 वर्ष की है. मृतकों में मृत्यु का कारणों में जहां एक व्यक्ति की बीमारी से तथा एक व्यक्ति की जहर खाने से हुई वहीं एक व्यक्ति की दुर्घटना का शिकार भी बताया गया है. बाकी 16 लोगों की मौत आकस्मिक रूप से हुई है. युवा वर्ग की आकस्मिक मृत्यु इस बात की ओर संकेत करता है की नगर क्षेत्र में कहीं न कहीं अपने स्वास्थ्य को लेकर मामला गड़बड़ चल रहा है जो युवाओं को मौत के द्वार तक पहुंचा रहा है. नगर में ही नशे के शिकार कुछ लोगों के परिजनों ने समय रहते गहन चिकित्सा के माध्यम से उन्हें मौत से बचा लिया. किन्तु यहां के आंकड़े देखे तो अधिकांस लोगों की मौत आकस्मिक हुई और मौत का कारण आकस्मिक ही लिखा गया. वार्ड क्रमांक 10 में बृजेश कुमार 34 वर्ष, सीता मांझी 38 वर्ष, गंगा सागर 27 वर्ष, संजय सोनी 34 वर्ष, आसान द्विवेदी 32 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु हुई है. वार्ड क्रमांक 11 में गोलू केसरवानी 27 वर्ष, वार्ड क्रमांक 12 में ओम चंद्र हरिजन की आकस्मिक मृत्यु हुई है. वार्ड क्रमांक 13 में चमेली देवी, वार्ड क्रमांक 14 में पीयूष गुप्ता, वार्ड क्रमांक 4 में बबीता हुआ वार्ड क्रमांक 5 में शिवम केसरवानी वार्ड क्रमांक 6 के ओमप्रकाश हलवाई की आकस्मिक मृत्यु हो चुकी है. सर्वाधिक युवा मृतकों की संख्या वार्ड क्रमांक 10 से है जिसमें एक व्यक्ति की बीमारी से बाकी शेष लोग की आकस्मिक मृत्यु हुई.

# चुनाव को लेकर कांग्रेस ने सौंपी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर महिला कांग्रेस रीवा ग्रामीण एवं शहर की महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की सूची जारी रीवा लोकसभा रीवा लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सक्रिय रूप से कार्य करने वाली महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों की सूची प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कविता पाण्डेय की सहमति से जारी की की गयी हैं.**

जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जरहा शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे जिले में लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती नीलम अभय मिश्रा के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्रों में दौरा करने के लिए ड्यूटी लगायी जाती है. सभी को मालूम है कि रीवा जिले में सर्वाधिक मत महिलाओं का हैं महिला कांग्रेस को पूरी ताकत से मैदान में उतरने के लिए जिलाध्यक्ष इंजी राजेन्द्र शर्मा, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल के द्वारा सभी को पूरे जिले में सक्रियता के साथ काम करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गये हैं. सभी महिलाओं ने पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में उतरने का संकल्प लिया हैं. जिनकी ड्यूटी लगायी गयी है.

उसमें सीमा सिंह, तारा त्रिपाठी, प्रभा सोहगौरा, प्राची शुक्ला, वंदना श्रीवास्तव, ममता तिवारी, विजय लक्ष्मी मिश्रा, रीता पाण्डेय, राखी पाण्डेय, रामलली द्विवेदी, लक्ष्मी सोनी, सुशीला कुशवाहा, साधना सोनी, कुसुम पटेल, नीलम पाण्डेय, सोनू रावत, सोनू साकेत, माधुरी सोंधिया, शमीम बानो, जाहिदा बेगम, स्वाती तिवारी, सीता शुक्ला, रूपांजली चैरासिया, राज दुलारी विश्वकर्मा आदि शामिल है.

# बीएलओ का विधानसभावार चुनाव प्रशिक्षण आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं.**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि प्रशिक्षण देने के लिए विधानसभावार मास्टर ट्रेनर तैनात कर दिए गए हैं. प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण 29 मार्च तथा 30 मार्च को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिया जाएगा. चुनाव प्रशिक्षण 29 मार्च को सिरमौर में शासकीय सीएम राइज विद्यालय सिरमौर, सेमरिया में शासकीय महाविद्यालय सेमरिया, विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में मंगल भवन हनुमना, मनगवां में शासकीय महाविद्यालय मनगवां में प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसी दिन विधानसभा क्षेत्र रीवा में शासकीय माडल साइंस कालेज रीवा तथा गुढ़ में शासकीय महाविद्यालय गुढ़ में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 30 मार्च को विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में शासकीय महाविद्यालय त्योंथर, विधानसभा देवतालाब में शासकीय पीजी महाविद्यालय मऊगंज में प्रशिक्षण होगा.

# नए प्रवेश को लेकर लॉटरी पद्धति से निकाले गए नाम

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 28 मार्च, सीएम राज विद्यालय मऊगंज में नए छात्रों के प्रवेश को लेकर लॉटरी सिस्टम से नए छात्रों के प्रवेश का चयन किया गया.**

मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा समूचे मध्य प्रदेश में 28 मार्च को सीएम राइज विद्यालय में नए छात्रों के प्रवेश देने की प्रक्रिया चल रही है. इस के तहत मऊगंज विद्यालय में भी कक्षा 1,6,9,11 के नये विद्यार्थियों को प्रवेश देना है. लॉटरी निकालकर सूची तैयार की गई वहीं अलाउंस के माध्यम से लोगों को सूचित किया तथा सूची विद्यालय के बोर्ड पर चस्पा की गई. चयन प्रक्रिया मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस पी मिश्रा, प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय, एसएमडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे.

## सुनैना मिश्रा के निधन पर शोक संवेदना

मऊगंज, 28 मार्च, वार्ड क्रमांक 7 चक्रवर्ती मऊगंज निवासी श्रीमती सुनैना मिश्रा पति राम प्रसाद का गत 25 मार्च को हार्ट अटैक से निधन हो गया है . उनके निधन से पूरे वार्ड में शोक की लहर है . श्रीमती सुनैना मिश्रा अपने पीछे तीन लड़की और एक लड़के को छोड़कर स्वर्गवासी हो गई . निधन पर विश्वनाथ मिश्र पार्षद वार्ड क्रमांक 7 शेषमणि गौतम, अनुसुइया प्रसाद गौतम आदि ने शोक व्यक्त किया .

मऊगंज सीएम राइज स्कूल में नए प्रवेश को लेकर चल रही प्रक्रिया

# सीटू ने श्रमिकों की मांगों को लेकर श्रम पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, श्रमिक संगठन सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के प्रान्तीय आह्वान पर न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण किये जाने की मांग को लेकर श्रम आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन श्रम कार्यालय रीवा में श्रम पदाधिकारी को सौपा गया.**

सीटू द्वारा सौपे गये ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश वेतन अधिनियम 1948 की धारा 3 के अनुसार प्रत्येक पांच वर्ष के बाद न्यूनतम वेतन की दरे पुनरीक्षित की जानी चाहिए लेकिन मध्यप्रदेश में 2010 के बाद से किसी भी तरह का न्यूनतम वेतन में पुनरीक्षण नहीं किया गया जबकि इसे 2019 में ही कर दिया जाना चाहिये. प्रदेश सरकार ने पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिये लगभग 5 वर्ष से इसे लंबित रखा जिससे लाखों मजदूरों और उनके परिजनों को नुकसान उठाना पड़ा. सीटू ने प्रदेश सरकार द्वारा मजदूरों के साथ की गई धोखाधड़ी के खिलाफ राज्य भर में प्रदर्शन कर रही है और इस प्रदर्शन के माध्यम से कहा है कि लगातार भीषण मंहगाई का दौर चल रहा है सभी जरूरी उपयोग की चीजें डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस सहित आम उपयोग की बस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं ज्ञापन के दौरान सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा, अबेहयाद खांन, किशोरी वर्मा, वीरेश पाण्डेय, विनय शंकर मुफलिश, अमित सोहगौरा, यू.बी.द्विवेदी मौजूद रहे.

# रिपोर्ट भेजने के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा, 28 मार्च**, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. अपर कलेक्टर को लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन एवं मतदान के एक दिन पूर्व निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी से प्राप्त सूचनाओं के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट देने के लिए तैनात किया गया है.

# केजरीवाल कोई मुद्दा नहीं, 400 पार आंकड़ा जाएगा : गौतम

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 28 मार्च, मां विंध्यवासिनी का दर्शन कर लौट रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा देवतालाब विधायक गिरीश गौतम का हनुमना बॉर्डर पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.**

वहीं साक्षात्कार में उन्होंने कहा की कोई मुद्दा नहीं अकेले भाजपा 370 से अधिक सीटें जीतेगी और सहयोगी दलों के साथ 400 पार का आंकड़ा पार करेगी. चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को प्राणपण से जुटने का आह्वान करते हुए एक-एक लाभार्थी तथा एक-एक मतदाता तक पहुंचने की अपील की. वहीं केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर किये गये सवाल पर श्री गौतम ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी कोई मुद्दा नहीं उन्होंने भ्रष्टाचार किया था सारे प्रमाणों के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है यही कारण है कोर्ट में उन्हें राहत नहीं दे रहा. मध्य प्रदेश में कितनी सीटें जीत कर आ रहे हैं उन्होंने कहा 28 तो पहले ही जीत चुके हैं एक ही सीट जीतना बाकी है वह भी चुनाव में पूरी हो जाएगी. लोकसभा चुनाव कीबेला में जन्मदिवस पर क्या संदेश देना चाहेंगे के सवाल पर कहा कि चुनाव तो एक प्रक्रिया है. अपना तो यही मानना है राम काज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम, इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला वरिष्ठ नेता शिवदत्त मिश्र एवं ज्योति केसरी मंडल महामंत्री राजेश मिश्रा रज्जू उपाध्यक्ष लवलेश मिश्रा व शिवेंद्र पाठक मंडल मंत्री रितेश केसरी जनपद सदस्य प्रशांत शुक्ला उर्फ बिट्टू जिला मंत्री पूनम गुप्ता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा युवा नेता सुमित गुप्ता तथा लव कुश गुप्ता तारकेश्वर गुप्ता नीरज पांडे रितेश दुबे राकेश त्रिपाठी रमाशंकर तिवारी राकेश तिवारी अभय विशाल गुप्ता अभिषेक शुक्ला मौजूद रहे.

# पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने पर कार्यशाला में किया गया मंथन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, नगर पालिक निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गुरूवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समदडि?ा होटल रीवा में आयोजित किया गया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मेडिकल वेस्ट का निपटान एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के विषयों पर चर्चा की गई. कार्यशाला के माध्यम से लोगो को बताया गया कि जो मेडिकल वेस्ट को हम बाहर फेक देते है।**

पर्यावरण के साथ-साथ हमारे जीवन को प्रभावित करता है साथ ही शहर को प्रदूषित भी करता है. जल संरक्षण के बारे में बताया गया कि हम कैसे नदियों-तालाबो को स्वच्छ रख सकते है. सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है फिर भी इसका उपयोग किया जा रहा है इसके प्रतिबंध को लेकर हम क्या कर सकते हैं, उन विषयों को लेकर चर्चा की गई. कार्यशाला में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जीडीसी कॉलेज की विभागाध्यक्ष, मुकेश एंगल, नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी, आईसी टीम एवं अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहें.

**सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर की गई कार्यवाही**- निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार प्रदूषण नियंत्रण कन्ट्रोल बोर्ड रीवा एवं नगर पालिक निगम रीवा के संयुक्त तत्वाधान में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया गया. अभियान में समस्त दुकानदारो, फुटपाथ व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु समझाइस के साथ ही चलानी कार्यवाही तथा जप्ती की कार्यवाही की गई. यह कार्यवाही न्यू बस स्टैंड, समदडि होटल के आसपास में की गई कार्यवाही में 7 किलो अमानक पालीथीन जब्त की गई, साथ ही 800 रू. की चालानी कार्यवाही की गई है. मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा से नोडल अधिकारी एसयूपी राम नारायण चतुर्वेदी अपने दल के साथ, नगर निगम रीवा से स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, उडन्दस्ता प्रभारी ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, दिनेश, आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहें.

# राजनैतिक दलों को संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में वाहन के लिए लेनी होगी अनुमति

**सतना 28 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में उपयोग किए जाने वाले सभी वाहनों की अनुमति लेकर अनुमति पत्र/पास वाहन की विंड स्क्रीन पर मूलत: प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा सतना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संपूर्ण क्षेत्र के लिये वाहन की अनुमति जारी करने अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (शहरी) नीरज खरे को अधिकृत किया गया है।

# प्रिन्टर्स एसोसिएशन का होली मिलन, ठिठोली एवं कवि सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 28 मार्च। शहर की व्यापारिक संस्था प्रिन्टर्स एसोसियेशन, सतना का होली की पूर्व संध्या पर ठिठोली एवं कवि सम्मेलन रविवार, 24 मार्च को हास्य, ओज एवं व्यंग्यात्मक रचनाओं के साथ अमृत वाटिका में संस्था अध्यक्ष संजय शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।**

मीडिया प्रभारी सौरभ अग्रवाल (रम्पू) ने बताया किया कि कार्यक्रम में पधारी म.प्र. शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल, विवेक अग्रवाल, पुष्पेन्द्र द्विवेदी दादू, सुधाकर जैन, दिनेश अग्रवाल, मंजूषा शाह, सभी कविगण एवं संस्था पदाधिकारी के आतिथ्य में गधे के चित्र का अनावरण, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष संजय शाह द्वारा दिया गया तत्पश्चात् अतिथियों का स्वागत कागज के डिस्पोजल की माला एवं डिस्पोजल कटोरा देकर किया गया. गायक राजेश कोटवानी द्वारा ये शाम मस्तानी, इश्क नचाये जिसको यार एवं पंकज उदास की गजल चांदी जैसा रंग है तेरा की शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया गया. मंच संचालन सचिव संजय अग्रवाल द्वारा किया गया. प्रवेश द्वार में सभी आमंत्रित अतिथियों का दिनेश अग्रवाल, राहुल सिंह, आशीष माहेश्वरी, प्रणव गुप्ता, राजेश मोहाबे द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया ।

**कवियों द्वारा ठिठोली**-कवि सम्मेलन में शहर के राष्ट्रकवि एवं धृतराष्ट्र कवि के रुप में सर्वप्रथम तामेश्वर शुक्ला 'तारक' (गीतकार) द्वारा पुष्प पथ पर बिछा दीजिये, मन का आंगन सजा दीजिये, राम दौड़े चले आयेंगे खुद को शबरी बना लीजिये गीत से माहौल को राममय कर दिया। कवि तेजभान सिंह (गीतकार) ने भाव कहां से लाऊं जिसमें हल्दी रोली चंदन है, खुशियों की फुलवारी हो सबका वंदन हो, पूर्व और पश्चिम से लेकर हिमालय तक धरती का अभिनंदन हो कविता से मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सत्येन्द्र पाण्डेय (ओज एवं शौर्य) द्वारा उनका ऐतबार न करते तो और क्या करते, यूं ही हर बार न मरते, जंग ए मैदान में जो भी थे सब अपने थे, हार न स्वीकार करते तो और क्या करते और देश के शहीदों के मान-सम्मान में अपनी कविता से लोगों में जोश भर दिया। कवयित्री दीपा गौतम (गजल) मैं तो सावन की फुहारों को साथ लाई हूं अपने गीतों में बहारों को साथ लाई हूं से माहौल को खुशनुमा कर दिया। कवि आजाद वतन वर्मा (ओज एवं शौर्य) ने देश के जाबांज सिपाही एवं शहीदों के लिये ओजस्वी कविता का पाठ किया. कौन कहता हैं मैं विधवा हुई हूं, मैने तो सिंदूर भारत माता को चढ़ाया है जैसी ओजस्वी कविता से अतिथियों में जोश भर दिया। कवि रविशंकर चतुर्वेदी (हास्य एवं व्यंग्य) ने अपनी हास्य एवं व्यंग्यात्मक रचनाओं से अतिथियों को खूब हंसाया और गुदगुदाया. राजनीति में दल न बदले ऐसे जनप्रतिनिधि होने का क्या मतलब एवं भगवान श्रीराम के भजन कविता से लोटपोट किया। अंतिम कवि के रुप में रमेश प्रताप सिंह जाखी द्वारा अपनी बघेली गीत एवं कविताओं से लोगों में नया उमंग भर दिया. कवि सम्मेलन का सम्पूर्ण संचालन वरिष्ठ पत्रकार केशव तिवारी द्वारा किया गया एवं आमंत्रित सभी अतिथियों का व्यंग्य कविताओं से स्वागत किया । कार्यक्रम का पूर्ण लाइव प्रसारण डूला आइसक्रीम के संचालक अशोक खानेचा द्वारा अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया जिसमें देश भर के हजारों लोगों द्वारा लाइव टेलीकास्ट भी देखा गया। कार्यक्रम के अंत में कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। शहर की व्यापारिक संस्था विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन, रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ, जनरल मर्चेन्ट एसोसियेशन, क्लॉथ मर्चेन्ट एसोसियेशन, जिला शासन - प्रशासन, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, अमृत वाटिका का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। आभार प्रदर्शन अरविंद सिंह निराला द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट ठण्डई एवं गुझिया के साथ सम्पन्न हुआ।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार,चेम्बर अध्यक्ष सतीष सुखेजा, पूर्व अध्यक्ष लखन अग्रवाल, कमलेश पटेल, विवेक अग्रवाल, द्वारिका गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, डॉ. राकेश अग्रवाल, मनोहर वाधवानी, राजेश कोटवानी, मनोहरलाल गुप्ता, इंजी. घनश्याम गोयल, राम अग्रवाल, रामप्रताप कुशवाहा लाला, जीतेन्द्र साबनानी, पी.डी. अग्रवाल, मनोज शर्मा, शेर सिंह खुल्लर, सुधीर आहूजा, अध्यक्ष संजय शाह, सचिव संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष चुन्नू कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, सह सचिव अनिल पाण्डेय, मीडिया प्रभारी सौरभ अग्रवाल (रम्पू), संरक्षक सुधाकर जैन, कार्यकारिणी सदस्य राहुल सिंह, प्रणव गुप्ता, आशीष माहेश्वरी, धीरज टण्डन, जवाहरलाल मिश्रा, दीपक अग्रवाल, अश्विनी शर्मा, अभिषेक जैन, धर्मेश चतुर्वेदी, राकेश अग्रवाल, आशीष मोंगिया, आशीष गोस्वामी, राजेश मोहाबे बाबा, प्रवीण मित्तल, बृजेश खण्डेलवाल,अजय अग्रवाल, घश्याम सोनी, मधुकर पारेख, विक्रम चौधरी, सुरेश बड़ेरिया, सुशील सिंह मुन्ना, प्रदीप अवस्थी रेल्वे, नरेश अग्रवाल, कन्हैयालाल कामदार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मनीष गोयल, सुधीर जैन, नवीन गुप्ता, मथुरा गुप्ता, रामाऔतार त्रिपाठी, सविता गुप्ता, सहित शहर के अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।